विविध विषयों पर शोर्ट टर्म ई-कोर्स प्रारम्भ करने के विषय में

श्रीसोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी द्वारा आज दिनांक २०.९.२०१९ को शोर्ट टर्म ई-कोर्स तैयार करने के विषय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस हेतु गठित समिति के निम्न लिखित सदस्य उपस्थित रहे -

१. डॉ. श्वेता जेजूरकर
२. डॉ. ललित पटेल
३. डॉ. जानकीशरण आचार्य
४. डॉ. दीपेश कतिरा

गठित समिति के सदस्यों ने उक्त विषय के बारे में गहन चर्चा कर के निम्न लिखित अनुशंसाएँ की हैं -

१. युनिवर्सिटी-स्तरीय 'स्वयम्' को-ओर्डिनेटर नियुक्त किया जाए, और उस की नियुक्ति की जानकारी econtent.ugc@gmail.com पर की जाए
२. युनिवर्सिटी अन्तर्गत प्रत्येक संकाय एक ई-कोर्स तैयार करे
३. सभी ई-कोर्सस का मुख्य संयोजक 'स्वयम्' को-ओर्डिनटर रहे। यह को-ओर्डिनटर युनिवर्सिटी तथा यू.जी.सी के बीच की कडी की तरह काम करे
४. प्रत्येक संकाय में ऐसे ई-कोर्स तैयार करने के लिये एक संयोजक की नियुक्ति की जाए
५. युनिवर्सिटी स्तरीय 'स्वयम्' को-ओर्डिनेटर ई-कोर्स तैयार करने में अनुभवी तज्ञों को आमन्त्रित कर इन सभी संयोजकों की एक कार्यशाला का आयोजन करे
६. संयोजक MOOCS की विवरणिका (guidelines) के अनुसार ई-कोर्स का निर्माण करवाए। ई-कोर्स की डिजाईन, मानदेय, प्रारूप आदि के लिये **परिशिष्ट - १** देखें
७. संयोजक MOOCS की विवरणिका (guidelines) के अनुसार मोड्यूल लेखकों की नियुक्ति कुलपतिजी से परामर्श कर के करे
८. प्रत्येक कोर्स का सामान्य विवरण अधो लिखित है -
    a. कोर्स की अवधी १५ सप्ताह रहे
    b. पूरे कोर्समें ४० मोड्यूल रहेंगे
    c. एक कोर्स ३ क्रेडिट का होगा
    d. मूक्स् की गाईड लाईन्स के अनुसार कोर्स के अन्त में ७० अंकात्मक लिखित परीक्षा तथा ३० अंकात्मक आंतरिक मूल्यांकन
    e. कोर्स के चार क्वाड्रैंट होंगे -
        १. ई-ट्युटोरियल, यानि ४० घंटे का विडिओ कंटेंट और उसकी संहिता (ट्रांस्क्रिप्शन)
        २. लिखित सामग्री
        ३. संदर्भ ग्रन्थ सूची
        ४. प्रश्नोतरी एवं स्वाध्याय सामग्री

REGISTRAR,
Shree Somnath Sanskrit University
Veraval, Dist. Junagadh (Gujarat)

मूक्स के कोर्स के स्वरूप का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट-२** में संलग्न है।

९. उपर्युक्त कोर्स तैयार हो जाने के बाद एक युनिवर्सिटी स्तरीय समीक्षक दल का गठन हो। यह दल सभी ई-कोर्सस की समीक्षा कर उन पर अपना परामर्श प्रस्तुत करे।

१०. युनिवर्सिटी स्तरीय 'स्वयम्' को-ओर्डिनेटर, संकायशः संयोजक, कंटेंट लेखक, समीक्षक इत्यादि सभी को Guide line for development and implementation of MOOCS (परिशिष्ट १) के अनुसार मानदेय दिया जाए, जिसका स्टूडिओ खर्च के अतिरिक्त अंदाजित खर्च ९००००० रुपय प्रति कोर्स तक हो सकता है।

११. श्रीसोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी परिसर में ई-कोर्सस् तैयार करने के लिये सभी यंत्रों से सज्ज साउन्ड प्रूफ स्टूडिओ और स्मार्ट क्लास रूम तैयार करना, तथा उस के संचालन हेतु तंत्रज्ञों की टीम नियुक्त करने को प्राथमिकता दी जाए।

१२. जब तक ये सभी सुविधाएँ युनिवर्सिटी परिसर में उपलब्ध न हों तब तक जहाँ ये सुविधाएँ उपलब्ध हों किसी अन्य संस्था का सहयोग लिया जाए।

20-9-2019

20-9-19

20/9/2019

REGISTRAR,
Shree Somnath Sanskrit University
Veraval, Dist. Junagadh (Gujarat)